सतत शिक्षा फंड



持續進修基金
Continuing Education Fund

(Hindi)

सतत शिक्षा फंड (CEF) शिक्षा और ट्रेनिंग को जारी रखने की इच्छा रखने वाले वयस्कों को सब्सिडी प्रदान करता है।

हांगकांग के निवासियों के स्व-विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु, सरकार 1 अगस्त 2022 से CEF सब्सिडी की सीमा बढ़ाकर $25,000 प्रति व्यक्ति करती है और उच्चतम आयु सीमा को हटाती है।

सब्सिडी राशि

(1 अगस्त 2022 या इसके बाद शुरू होने वाले CEF पाठ्यक्रमों के लिए लागू)

(1) CEF सब्सिडी की सीमा $20,000 से बढ़ाकर $25,000 की गई है; और

(2) पहली $10,000 की सब्सिडी के लिए शिक्षार्थियों द्वारा सह-भुगतान अनुपात पाठ्यक्रम की फीस का 20% है, और बाकी बचा $15,000 सब्सिडी के लिए यह पाठ्यक्रम फीस का 40% है।

एक "सब्सिडी कैलकुलेटर" CEF की वेबसाइट पर उपलब्ध है जिससे आवेदकों को उस सब्सिडी की राशि, जिसके लिए वे योग्य हैं और उनके द्वारा वहन की जाने वाली पाठ्यक्रम फीस का अंदाजा लगाने की सुविधा मिल सके।

पात्रता मापदंड

(1) एक हांगकांग का निवासी, जिसके पास निवास का अधिकार है या बिना किसी पाबंदी के हांगकांग में रहने या रूके रहने का अधिकार है, या मुख्यभूमि चीन से वन-वे परमिट का धारक है;

(2) CEF पाठ्यक्रम शुरू करने के समय 18 साल या उससे अधिक आयु है;

(3) CEF पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया है और ट्यूशन फीस का भुगतान किया गया है[नोट]; और

(4) उसी पाठ्यक्रम, मोड्यूल या स्टडी क्रेडिट्स की यूनिट के लिए सार्वजनिक फंडिंग योजनाओं के तहत कोई अन्य सार्वजनिक फंड या वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं की है।

नोट : सभी CEF पाठ्यक्रम प्रदाताओं को CEF पाठ्यक्रमों की ट्यूशन फ़ीस को बराबर मासिक किश्तों के आधार पर एकत्र करने की जरूरत होती है, सिवाय उनके जिन्हें श्रम और कल्याण सचिव द्वारा छूट दी गई है।

आवेदन प्रक्रियाएं

योग्य आवेदकों को CEF आवेदन पत्र (SFO 313) को पूरा भरना चाहिए और CEF पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक पूरा होने के **एक साल के अंदर** CEF के कार्यालय (OCEF) में सहायक दस्तावेजों के साथ इसे जमा करना चाहिए।

पपर-आधारत आवदन

आवेदन पत्र OCEF या गृह मामलों के पूछताछ केंद्रों से प्राप्त किया जा सकता है, या CEF वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है (https://www.wfsfaa.gov.hk/cef/en/index.htm)।

पूरा भरा आवेदन पत्र सहायक दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत तौर पर या डाक के द्वारा OCEF पर जमा किया जाना चाहिए। आवेदक 11/F चुंग शा वान सरकारी कार्यालय के ड्राप इन बॉक्स में भी अपने आवेदन जमा करवा सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक आवेदन

आवेदक ऑनलाइन आवेदन पूरा भरकर जमा करवाने के लिए “GovHK” वेबसाइट के माध्यम से अपलोड कर सकते हैं।

CEF आवेदन पत्र
https://eform.cefs.gov.hk/form/sfo017/en/
पर या नीचे दिए गए QR कोड पर स्कैन करके जमा करे

CEF ऑनलाइन आवेदन

हमसे संपर्क करें

कार्यालय का पता	Units 07-11, 25/F, CDW Building, 388 Castle Peak Road, Tsuen Wan, New Territories कार्यालय का समय : सोमवार से शुक्रवार सुबह 8:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:45 बजे तक (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर)
24-घंटे की पूछताछ हॉटलाइन	3142 2277 (1823 के स्टाफ द्वारा संचालित)
ईमेल	cef_sfo@wfsfaa.org.hk
वेबसाइट	https://wfsfaa.gov.hk/cef

* 1 अगस्त 2022 से पहले शुरू होने वाले पाठ्यक्रमों पर पहले लागू आवश्यकताओं के अनुसार प्रक्रिया की जायेगी।

(अगस्त 2022)